## एएसपी ने किया पौधारोपण

**बड़ागांव।** कस्बे स्थित गोमती देवी पीजी कॉलेज प्रांगण में नीमकाथाना एएसपी गिरधारीलाल शर्मा ने पौधारोपण किया।

शर्मा ने इस अवसर पर कॉलेज के स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक पेड़ लगाना और उसका पालन पोषण व सुरक्षा करनी चाहिए। जिससे पर्यावरण अच्छा रहेगा और चारों तरफ हरियाली रहेगी। पेड़ पौधे अधिक होंगे तो वर्षा भी अधिक होगी। जब वर्षा खूब हो गई तो राजस्थान खुशहाल होगा। इस अवसर पर संस्था निदेशक सीएल शर्मा ने अशोक का वृक्ष लगाने के उपरांत उसी में जल डालने का काम किया तथा इसके पालन, पोषण और सुरक्षा की जिम्मेदारी ली। पौधरोपण कार्यक्रम में दोनों कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसके सेवका, डॉ. गजेंद्रसिंह शेखावत, विश्व रिकॉर्ड धारी आजादसिंह, सीताराम झाझड़िया, कीर्ति शर्मा, उमा, रेणु कमलेश कुमार, डॉ. सुभाष सैनी, हेमंत शर्मा, कुलदीप सिंह राणावत आदि मौजूद थे। इसके अलावा नवलगढ़ के निकटवर्ती गांव खिरोड़ मे पूर्व सैनिक व उनकी धर्मपत्नी गांव के मंदिरों के साथ मिलकर पास पड़ौस के इलाकों में पौधरोपण कर रहे हैं।

# मंत्री धारीवाल ने गाजसर तालाब सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास किया



**स्वायत शासन मंत्री शांति धारीवाल ने गाजसर तालाब सुदृढीकरण का शिलान्यास किया।**

**चूरू, (कासं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा चूरू गाजसर गेनाणी के लिए स्वीकृत 10.96 करोड़ की लागत से होने वाले गाजसर तालाब सुदृढीकरण व पंपिंग स्टेशन निर्माण कार्य का वर्चुअल शिलान्यास मंगलवार को नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री शांति धारीवाल ने राजस्थान महिला आयोग अध्यक्ष रेहाना रियाज की अध्यक्षता में किया। समारोह का आयोजन राजीव गांधी सेवा केन्द्र में वीसी के माध्यम से किया गया।

समारोह में कलैक्टर सिद्धार्थ सिहाग, सभापति पायल सैनी, कांठोस नेता रियाजत खान, हसन रियाज चिश्ती, रामनिवास सहारण, नगरपरिषद् आयुक्त जोधाराम बिश्नोई, अधिशाषी अभियन्ता पूर्णिमा यादव, शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, विकास मील, हेमंत सिहाग, पार्षद युसुफ अली, जीवराज (गोकुल), अली मोहम्मद भाटी, शाहरूख खान, तोफिक खान, विनोद खटीक, खलीद कुरेशी, कुलदीप तंवर, चन्द्रप्रकाश सैनी, अमरचंद कस्वां, मनोनीत पार्षद संजय भाटी, शिव कुमार शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि लोकेश सैनी, विजय सारस्वत, तारिक नागौरी, आबिद जाबासरिया, संतोष महर्षि सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## कृष्णा पूनिया को विजय बनाने की अपील

**सादुलपुर, (निस)।** देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा ०4 जुलाई मंगलवार को पिलानी रोड स्थित अशोका कंस्ट्रक्शन अमित एंटरप्राइजेज प्रांगण में देहात ब्लॉक कार्यकारिणी एवं तहसील मंडल अध्यक्ष तथा पंचायत अध्यक्ष की बैठक आयोजित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे देहात ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पूनिया ने सम्बोधित करते हुए कहा कि स्थानीय संगठन को मजबूत कर आगामी विधानसभा चुनाव में विधायक पदमश्री डॉक्टर कृष्णा पूनिया को भारी मतों से विजय बनाए और राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार कर जनता तक पहुंचाए। पीसीसी मेंबर शिशु पाल पूनिया, संजोयक महिपाल पूनिया, सूबेदार राजपाल पूनिया, गुरुदयाल शास्त्री, रामेश्वर जसवंतपुरा, पूर्व डीईओ रमेश पूनिया हमीरवास, अमरसिंह गोठवाल, कमल सिंह बजाड, एडवोकेट सुरेश पूनिया आदी ने भी सम्बोधित किया। बैठक में हवासिंह नवां, महावीर, राजबीर सरदारपुरा, संतु सिंह सरपंच भोजन, संदीप यादव, नरेश बालानिया, प्रेम सरपंच बींजावास, कालू राम मीना सरपंच आदि मौजूद रहे।

# सुंदरकांड की चौपाइयां गूंजी



**चूरू (कासं.)।** मंगलमयी वीर हनुमान सुंदरकांड समिति की ओर से सोमवार देर शाम ऋषिकुल ब्रह्मचर्य आश्रम में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। गणेश वंदना से शुरू हुये कार्यक्रम में समिति के सुनील पीथिसरिया, पवन ठठेरा, गोपाल कुदाल, अंकित पीथिसरिया, तेजपाल शर्मा, संजय सहल०, प्रवीण पूर्वा, हिमांशु टिंकर, राजेश प्रजापत, अंकित अठावाल, राजेश बजाज हेमंत आदि ने सुंदरकांड की चौपाइयां प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर आश्रम के रणवीर सिंह, ईश्वर सिंह राठौड़, पवन कुमार उपाध्याय, देव कुमार पुजारी, अमित कुमार, सुनील सिंह, संदीप सिंह व आश्रम के विद्यार्थियों ने पाठ की चौपाइयां व भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## स्ट्रीट लाईटों को लेकर ज्ञापन दिया

**सादुलपुर, (ओमप्रकाश)।** नगरपालिका क्षेत्र राजगढ में सांयकाल से पूर्व एवं सूर्योदय के बाद दो-दो घंटो तक पालिका की अनदेखी के कारण जलने वाली स्ट्रीट लाईटों से आम उपभोक्ताओं पर बिना बजर अतिरिक्त विद्युत प्रभार बढने के विरोध में एमपी चौक सादुलपुर के प्रमुख लोगों ने उपखण्ड अधिकारी राजगढ को ज्ञापन सौंपा है।

सेवानिवृत बैंक ऑफ बडौदा के सेवानिवृत मुख्य शाखा प्रबंधक एवं सामाजिक कार्यकर्ता मोहरसिंह जांगिड, गौरी शंकर शर्मा आदि ने उपखण्ड अधिकारी रणजीत कुमार बिजारणिया को दिये ज्ञापन में बताया है कि नगरपालिका क्षेत्र राजगढ में सांयकाल में सूर्यास्त से करीबन एक से दो घंटो तक, सुबह सूर्योदय के पश्चात एक से डेढ घंटे तक बेवजह विद्युतलाइन चालू रखकर स्ट्रीट लाईटे जलाई जा रही हैं, जिसके कारण आम उपभोक्ताओ को बेवजह अतिरिक्त विद्युत प्रभार वहन वसूल किया जा रहा है जो न्यायोचित नहीं है। वहीं उन्होने इस लापरवाही के कारण आम उपभोक्ताओं को बिना वजह अतिरिक्त विद्युत प्रभारी वहन करना पड रहा है, जिसको लेकर संबन्धित को पाबंद कर कार्यवाही की माँग की है। नगरपालिका राजगढ ईओ प्रियंका बुडानिया का कहना है कि प्रकरण में जाँच करवाकर उचित कार्यवाही की जावेगी।


**नाम परिवर्तन**

मेरे पुत्र सुनील के विद्यालय प्रवेश में पिता का नाम संजू राम व माता का नाम प्रेमदेवी लिखवा दिया था। भविष्य में मुझे संजू व पत्नी को परमेश्वरी के नाम से ही जाना व पहचाना जावे। दोनों नामों को लेकर किसी भी प्रकार का विवाद होने पर मेरी जिम्मेवारी रहेगी।

**संजू पुत्र दुलाराम जाट, नैणासर, तहसील सरदारशहर**



**हैतुक दर्शित करने के लिए सर्वसाधारण की सूचना**

(साधारण प्रारूप)

**न्यायालय सिविल न्यायाधीश, महोदय, चूरू**

**नानू देवी** बनाम **सर्वसाधारण वगैरह**

दावा संख्या **27/2022**

**दावा बाबत नानू देवी उर्फ बादुड़ी देवी दोनों नाम एक ही महिला के नाम होने की घोषणा करवाये जाने**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वादीनी श्रीमती नानू देवी उर्फ बादुड़ी देवी पत्नी सोहनलाल सरावग जाति जाट उम्र 62 वर्ष निवासी ग्राम बूंटिया तहसील व जिला चूरू (राज.) द्वारा दावा संख्या 27/2022 अनुवानी श्रीमती नानू देवी बनाम सर्वसाधारण वास्ते नानू देवी उर्फ बादुड़ी देवी दोनों नाम एक ही महिला के नाम होने की घोषणा कराये जाने का पेश किया है। अगर किसी आम या खास को आपत्ति हो, तो आगामी पेशी दिनांक 07.07.2023 को समय 10.30 ए.एम. बजे न्यायालय में असालतन या वकालतन आपत्ति पेश कर सकते है। किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं आने की सूरत में प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा। उक्त नोटिस आज दिनांक 29.05.2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**रीडर**
**सिविल न्यायाधीश, चूरू (राज.)**


## 'कांग्रेस कुशासन से निजात दिलाने में भूमिका निभाए'

**चूरू, (कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के चूरू स्थित आवास पर मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत की अध्यक्षता में आज चूरू नगर मंडल उत्तर व दक्षिण का बूथ सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में भाजपा नेता पराक्रम राठौड़, पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण, पूर्व जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, मंडल अध्यक्ष दीनदयाल सैनी, विस्तारक शिवप्रसाद तावणिया, नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, पूर्व उपसभापति अनवर थीम, विधानसभा संयोजक पदम सिंह राठौड़ मंचस्थ रहे।

इस अवसर पर बोलते हुए भाजपा नेता पराक्रम सिंह राठौड़ ने कहा कि आने वाला समय हम सब कार्यकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हम सब कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि हम प्रदेश को इस कांठोस के कुशासन से निजात दिलाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। उन्होंने चर्चा करते हुए कहा की हम सब कार्यकर्ताओं को आने वाले चुनाव की तैयारी में जुट जाना चाहिए। केंद्र सरकार के द्वारा जो विकास कार्य किए गए हैं, उनकी जानकारी बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को दी जानी चाहिए। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। सहारण ने कहा कि आज समाज के सभी वर्गों का समर्थन भाजपा को प्राप्त हो रहा है। विस्तारक शिवप्रसाद तावणिया, पूर्व जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष दीनदयाल सैनी ने सभी का स्वागत किया एवं मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मोहन गढ़वाल, राजेश मटोलिया, सुनील टकनेट, प्रकाश नायक, सुनील खटीक, चंद्र प्रकाश शर्मा, जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच, सोहन सहारण, नारायण बेनीवाल, पार्षद मेघराज भार्गव, असलम डायर, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अख्तर खान, नीरज जांगिड, ओम इन्दोरिया, राकेश औझा, विकास बांठिया, हनुमान माटोलिया, जुगल कम्मा, आनन्द रेगर, भागीरथ सैनी, धर्मेन्द्र राकसिया, रामोतार लोहिया, निरंजन स्वामी, विमल जोशी, परमानंद बाकोलिया, नितिन हटवाल, सांवरमल सैनी, गिरधारीलाल जांगिड़, राधेश्याम राव, ओमप्रकाश मोटेका आदि उपस्थित रहे।

## कलैक्टर आवास पर बजायेंगे 7 को पीपा

**चूरू, (कासं.)।** अखिल भारतीय किसान सभा की आज जिला कमेटी की बैठक जिला अध्यक्ष इंद्राज सिंह की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में बीमा क्लेम के लिए चल रहे किसान आंदोलन के अगले चरण का फैसला किया गया। जिला अध्यक्ष इंद्राज सिंह व मंत्री उमराव सिंह ने बताया कि आंदोलन को एक महीना बीत गया लेकिन सरकार चुप्पी साधे बैठी हुई है। आंदोलन के अगले चरण में 7 जून को कलेक्टर और एसपी आवास पर पीपा बजाकर नींद हराम करेंगे जिससे सरकार को जगाया जायेगा। वादा खिलाफी के खिलाफ 18 जुलाई को कलेक्ट्री ठप की जाएगी।

आज बैठक में राज्य महामंत्री छगनलाल चौधरी, राज्य कमेटी सदस्य निर्मल प्रजापत, पूर्णाराम सरावाग, कुमाराम जाखड़, दाताराम भाकर, दीपाराम प्रजापत, डूंगरराम बेनीवाल, चिमनाराम पांडर, हरिराम टांडी, भगतसिंह, विक्रम सोनी, रामकृष्ण छींपा, मदन जाखड़, बिरजूराम खीचड़, रामनिवास भेंसली, रामसिंह सहित जिला कमेटी के साथी उपस्थित रहे।

# नायब तहसीलदार ने मतदाता केंद्रों का निरीक्षण किया



**मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की व्यवहारिक जानकारी दी ।**

**बिसाऊ ।** कस्बे में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की व्यवहारिक जानकारी दी बिसाऊ के मतदान केंद्रों का नायब तहसीलदार मलसीसर ने किया निरीक्षण स्वीप मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के लिए आज सेठ दुर्गादत्त जटिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिसाऊ में मतदान केंद्र संख्या 62 से 76 तक के मतदाताओं एवं विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी नायब तहसीलदार छगनलाल मीणा के नेतृत्व में एएमटी शशिकांत एवं विनोद द्वारा विद्यार्थियों नव मतदाताओं एवं ठाामीणों को जानकारी दी गई तत्पश्चात नायब तहसीलदार छगन लाल मीणा ने कस्बे के सभी बूथों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं एवं भौतिक सुविधाओं का जायजा लिया इस अवसर पर संस्था प्रधान गरिमा चाहर बीएलओ सुपरवाइजर कमलेश तेतरवाल तथा सभी बूथों के बीएलओ उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगरपरिषद, चूरू (राजस्थान)**

क्रमांक :- न.प./चूय.भूमि शाखा/2022-235520-21 दिनांक :- 30.06.2023

**सार्वजनिक विज्ञप्ति (आपत्ति आमंत्रण-पत्र)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न लिखित आवेदकगणों द्वारा निम्नांकित विवरण-पत्र में अपने नाम के सम्मुख अंकित कार्यों की स्वीकृति हेतु इस कार्यालय को अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है, अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारक को कोई आपत्ति हो, तो उक्त सार्वजनिक विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर उपर्युक्त साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपत्ति निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पर प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण संबंधित आवेदकगण के पक्ष में कर दिया जावेगा:-

| क्र. सं. | पत्रावली क्रमांक | नाम आवेदक /आवेदिका | आवेदित भूमि की अवस्थिति | भूखण्ड का क्षेत्रफल | खसरा नं. | प्लाट संख्या | अपेक्षित स्वीकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | डॉ.शंकरलाल पारीक पुत्र श्री किशना राम पारीक | वार्ड नं. 19 टाउन हॉल के पास चूरू | 56.23 वर्ग मीटर | | | खाचा भूमि पट्टा हेतु |

**आयुक्त, नगरपरिषद, चूरू**


## मोदी के कार्यकाल की जानकारी दी

**मलसीसर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे, संपर्क से समर्थन अभियान के अंतर्गत भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया द्वारा मंडावा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण मंडल मलसीसर में डॉ. भवानीशंकर जोशी को केंद्र सरकार की योजनाओं की पुस्तक भेंट कर समर्थन मांगा और मोदी सरकार द्वारा पिछले नौ वर्षो में 'नेशन फर्स्ट' के मंत्र के साथ हर क्षेत्र में अभुतपूर्व विकास एवं नए भारत के निर्माण में मोदी सरकार द्वारा सकुशल पूर्ण करने की जानकारी दी। डॉ. भवानी शंकर जोशी ने भाजपा को समर्थन देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुधीर चौमाल, परमानंद कुमावत, गौतम नायक, योगेश कुमार, सुनिल कुमार चौमाल सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर सम्मान-समारोह आयोजित

**सादुलपुर, (निस)।** साहित्य समिति राजगढ के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा के पर्व पर गुरु सम्मान समारोह का आयोजन डॉ. रामकुमार घोटड की अध्यक्षता व डॉ.रामावतार सोनी व प्रह्लाद राय शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ।

आदिगुरु वेदव्यास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुए कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक मंगतुराम भार्गव व कुशाल सिंह राजपूत का तिलकार्चन व माल्यार्पण कर शॉल, श्रीफल व साहित्य भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक गोपाल राम व पुरुषोत्तम देव पांडिया ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. रामावतार सोनी व प्रह्लाद राय शर्मा ने साहित्य समिति की गतिविधि को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए शिक्षक को समाज का निर्माता बताया। सम्मानित गुरुजन मंगतुराम भार्गव व कुशाल सिंह राजपूत ने भी अपने जीवन के प्रसंग साझा करते हुए शिक्षकों द्वारा नई पीढी के चरित्र निर्माण के दायित्व को भलीभांति निर्वहन करने की बात कही। संतोष कुमार जांगिड व अनिल शास्त्री ने गुरु महिमा से संबंधित स्वरचित कविताओं की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर समिति को विशेष सहयोग प्रदान करने हेतु सुखबीर चाहर निदेशक, टैगोर पब्लिक स्कूल एवं रमेश कालीरावणा निदेशक, कास्मिक चिल्ड्रन एकेडमी को प्रतीक चिह्न, उपहार व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. विनोद अग्रवाल, डॉ. सत्यनारायण शांडिल्य, महावीर सिंघल, इंद्र सिंह राजपूत, अनवर बेग, महेन्द्र धाणक, हीरालाल भार्गव, इंदुकुमार गोस्वामी, रणजीत सिंह भाटी, जाफर खान व अशोक घोटड आदि उपस्थित थे।

## भाजपा की बैठक आयोजित

**मुकुंदगढ़।** भारतीय जनता पार्टी मुकुंदगढ़ मंडल में अल्पकालिक विस्तारक जगदीश प्रसाद मीणा ने सात दिवसीय दौरे के अंतिम दिन कार्यकर्ताओं की बैठक ली व मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत कराया व राजस्थान सरकार के कुशासन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमेन्द्र चारण ने भी मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, महामंत्री महेश जादम, रतनलाल बेरवाल, किसान मोर्चा अध्यक्ष संतोष शर्मा, गोविंद पंवार, योगगुरु संपत शर्मा, सुशील सोनी, नंदकिशोर शर्मा, खोखर सलीम, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र भार्गव, सुभाष शर्मा, भंवरसिंह चौहान, नरेंद्र सैन, श्रीराम सैनी, सुरेशचंद्र टेलर, श्रीराम पचलंगिया, सुशील शर्मा, सज्जन कुमार, स्वराज शर्मा, पंडित जयप्रकाश, रामस्वरूप गुर्जर, प्रियव्रत, सुलतान सैन सहित अनेक लोगों की उपस्थिति रही।

# श्रीवर्द्धन मोहता का जन्मदिवस मनाया

**सादुलपुर, (निस)।** राजगढ नगर सेठ एवं प्रमुख समाजसेवी मोहता संस्थाओं के चेयरमैन श्रीवर्द्धन मोहता के जन्मदिवस पर नगर में दिनभर विशेष कार्यक्रम आयोजित हुए।

प्रात:काल में राजगढ की प्रसिद्ध मोहता हवेली परिसर में धार्मिक मंगलाचारण व अन्य पूजन कार्य गणमान्य पण्डितों के द्वारा मोहता संस्थानों के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में हुआ, जिसमें मोहता के स्वस्थ, प्रसन्न व दीर्घायू की मंगलकामनाएं की गई। दिन में नारी सशक्तिकरण मिशन टीम के द्वारा इस वर्ष के सिलाई कढाई प्रशिक्षण, कम्प्यूटर प्रशिक्षण, ब्यूटी पॉर्लर प्रशिक्षण, मेहन्दी माडण प्रशिक्षण के नये बैचों का शुभारंभ किया गया। वहीं इन प्रशिक्षणों को प्राप्त करके निर्धन परिवारों की बालिकाएं एवं महिलाएं स्वरोजगार प्राप्त करती हैं। वर्षभर में 250 से अधिक महिलाओं को स्वावलम्बी बनाया जाता है। मोहता के जन्मदिवस पर इस मानसून काल में 2500से अधिक पेड पौधों को घर-घर वितरित किया जावेगा। वहीं पौधारोपण का शुभारंभ करते हुए 101 घरों में वृक्षारोपण किया गया। आगामी दिनों में मोहता के जन्मदिवस के उपलक्ष में एक रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जावेगा। सीईओ मोहता ग्रुप डॉ. पी.एस. राठौड ने बताया कि मोहता के जन्मदिवस पर भगवानीदेवी मोहता अस्पताल राजगढ में पूरे दिन नि:शुल्क मेडीकल परामर्श तथा निदान डॉ. हिमांशु बेडवाल व उनकी अन्य डॉक्टरों की टीम द्वारा किया गया। वहीं सांयकाल में मोहता संस्थानों के 200 से अधिक अधिकारी व कार्मिकों ने केक काटकर मोहता हवेली में जन्मदिवस समारोह का शानदार कार्यक्रम रखा गया।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर) जिला हनुमानगढ़**

क्रमांक :- न.पा.रा./कृ.भू./2023/1726-1728 दिनांक 03.07.2023

**प्रारूप-10**

(नियम 6(7) देखिए)

**-: लोक सूचना :-**

श्री प्रवीण कुमार पण्डा पुत्र श्री बुलाकी राम हिस्सा 1/4 साकिन नोहर, श्री मनीराम पांडिया पुत्र श्री ओमप्रकाश पांडिया हिस्सा 1/4 साकिन नोहर, श्री सुनील कुमार पुत्र श्री शिशपाल हिस्सा 1/4 साकिन बडबिराना तहसील नोहर, श्री हीरालाल पुत्र श्री ओमप्रकाश हिस्सा 1/4 साकिन दीपलाना तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़ (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला हनुमानगढ़ तहसील रावतसर | 24 डीडब्ल्यूडी | 158/ 415 (06) | किला नं. 13 की 0.0880 है. |
| | | | कुल तादादी - 0.0880 है., |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू- राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ......... को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर)**


# ८०० पेड़ नि:शुल्क वितरित किए



**सिरोही कस्बे की ढाणी कालाखेत में एक फौजी ने ८०० पेड़ बांटे।**

**पाटन।** सिरोही कस्बे की ढाणी कालाखेत में एक फौजी ने अपने जन्मदिवस पर अनेक स्थानों पर जाकर ८०० पेड़ नि:शुल्क वितरित कर सार्वजनिक स्थानों पर पेड़ लगाकर अपना जन्मदिवस मनाया।

अनिल फौजी पिछले कई दिनों से जन हितैषी संस्था सिरोही के माध्यम से कई स्थानों पर 12 हजार से अधिक पेड़ लगवा चुके हैं। फौजी हर वर्ष अपने जन्मदिन पर केक नहीं काटकर जन्म दिवस नहीं मनाते, बदले में पेड़ वितरित व पेड़ लगाकर जन्मदिवस मनाते हैं जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। जन हितैषी संस्था पेड़ लगाओ जीवन बचाओ मुहीम के माध्यम से लोगों को पेड़ लगाने के लिए जागरूक कर रहे हैं। अनिल कस्वा भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल में सेवा देते हुए ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं तथा जब भी छूटी पर गांव आते हैं पेड़ वितरण कर पेड़ लगाने का कार्य करते हैं। जन्म दिवस पर रेंजर श्रवण बाजिया, फॉरेस्टर हरलाल ने प्रितमपुरी नर्सरी पर खुद मौजूद होकर बधाई दी साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से पर्यावरण प्रेमी को हजारों बधाइयां प्राप्त हुई। पेड़ वितरण में सिरोही सरपंच जयप्रकाश कस्वा, रामगोपाल सामोता, हरिसिंह बाजिया, कतार सिंह, अंकित कस्वा, संदीप यादव, यश शर्मा, रमि वर्मा, बुलकेश गुर्जर अन्य मौजूद रहे।

## नामांकन बढ़ाने के लिए रैली निकाली

**सादुलपुर, (निस)।** सिद्धमुख के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार ०3 जुलाई 2०23 को डीजे के साथ रैली निकालकर बोर्ड कक्षाओं में 75 अथवा 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। साथ ही ग्रामीणों को अपने बच्चों को विद्यालय में प्रवेश हेतु प्रेरित किया गया। रैली से पहले विद्यालय प्रांगण में संक्षिप्त समारोह आयोजित कर मेरिटधारी छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद प्रवेशोत्सव अभियान के तहत विद्यालय में नामांकन हेतु नारे लगाते हुए विजयोत्सव रैली निकाली गई। रैली के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया और अपने बच्चों का प्रवेश विद्यालय में करवाने हेतु आश्वासन दिया। रैली के दौरान संस्था प्रधान कृष्ण कुमार मेहरा, दीपचंद इंदौरिया, मनोज कुमार दायमा, लक्ष्मी चंद, सीताराम, प्रदीप कुमार, आराधना, रचना, संतु राम, चंपालाल, रविंद्र कुमार, संतोष कुमार, चमेली, महावीर सिंह, अनोप, सरबती, संगीता, सुशीला, सुमेर सिंह, राकेश कुमार, पंकज कुमार, सुरेन्द्र कुमार, मुकेश कुमार, रविंद्र कुमार एओ, राजेश कुमार व संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# लॉयंस क्लब झुंझुनूं का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**लॉयंस क्लब झुंझुनूं की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई।**

**झुंझुनूं।** लॉयंस क्लब झुंझुनूं की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी वर्ष 2023-24 का शपथ ग्रहण समारोह बगड़ रोड स्थित पंसारी लॉयंस हॉस्पिटल में सोमवार शाम 6.15 बजे मुख्य अतिथि एमजेएफ लॉयन श्रवण केजड़ीवाल एवं क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा के सानिध्य में उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लॉयन अमरनाथ जांगिड़ द्वारा सभा प्रारंभ की घोषणा के पश्चात ध्वज वंदना तथा विश्व शांति के लिए मौन प्रार्थना की गई। सभी का शब्दों से स्वागत क्लब अध्यक्ष ने किया तथा क्लब सचिव शिव कुमार जांगिड़ ने क्लब की वर्षभर की गतिविधियों एवं कोषाध्यक्ष भागीरथ प्रसाद जांगिड़ ने वर्ष भर के आय व्यय के बारे में विस्तार से बताया। क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लॉयन अमरनाथ जांगिड़ द्वारा वर्ष भर क्लब सेवा कार्यों में विशेष सहयोग देने वाले सदस्यों का माल्यार्पण कर दुपट्टा ओढाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया एवं पूर्व रीजन चेयरमैन एवं वर्तमान में स्पेशल केबिनेट सेक्रेट्री नरेंद्र व्यास द्वारा क्लब अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

लॉयन रमेश जांगिड़ की ओर से क्लब संरक्षक एवं क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लॉयन अमरनाथ जांगिड़ सहित जन्मदिवस होने पर अन्य सेवाभावी सदस्यों का माल्यार्पण कर प्रतीक चिह्न भेंटकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन श्रवण केजड़ीवाल द्वारा लॉयंस क्लब झुंझुनूं के नवनिर्वाचित क्लब संरक्षक सहित नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को लॉयंस क्लब के बारे उनकी जिम्मेदारियों से अवगत करवाते हुए शपथ ग्रहण करवाई।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद, हनुमानगढ**

क्रमांक :- 3386 दिनांक 04.07.2023

**-: लोक सूचना :-**

श्री अमित कुमार पुत्र ताराचन्द, दिनेश गोयल पुत्र श्री सन्तलाल, मधुबाला पत्नी श्री पवन कुमार, महेन्द्रपाल पुत्र श्री गजानन्द जाति अग्रवाल, ईश्वरदास पुत्र श्री गोविन्दराम, दीपक कुमार (चेलाराम) पुत्र श्री गोविन्द राम जाति सिन्धी, गुरतेज सिंह पुत्र श्री शेर सिंह, लखवीर सिंह पुत्र श्री गुरतेज सिंह जाति जटसिख निवासी हनुमानगढ टाउन तहसील व जिला हनुमानगढ ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है,अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला हनुमानगढ़ तहसील हनुमानगढ़ | चक नं. 49 एनजीसी | मु.नं. 5 पत्थर नं. 131/257 किला नं. 2/1/0.228, 2/2/0.025 3/1/0.228, 3/2/0.025, 4/1/ 0.228, 4/2/0.025, 5/1/0.077 6/1/0.228, 7/0.253, 8/0.253 9/0.240 | कुल रकबा 1.810 हैक्टयर यानि 18100 स्कवेयर मीटर भूमि |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू- राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 04.07.2023 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी का नाम व मुहर**